प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 22.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में केरल की आलिन शेरिन और उनके अभिभावक का किया जिक्र, कहा– लोगों में ऑर्गन डोनेट करने के प्रति बढ़ी जागरूकता।
2. राज्य में कल होने वाले निकाय चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां पूरी, मतदान कर्मी बूथों के लिए रवाना, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
3. रेलवे सुरक्षा बल की नशा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, रांची के हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ एक युवक गिरफ्तार।
4. मौसम विभाग ने राज्य में 24 और 25 फरवरी को हल्की बारिश की जताई संभावना, 26 से रहेगा मौसम साफ।

और

5. आईसीसी टी–20 विश्व कप में आज सुपर–8 चरण के तहत अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मेदी ने मन की बात कार्यक्रम के 131वीं कड़ी में कहा कि आज ऑर्गन अंगदान डोनेट करने के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने केरल की आलिन शेरिन अब्राहम के बारे में चर्चा की जिसने केवल दस महीने की उम्र में अपनी जान गंवा दी। उन्होंने उसके पिता अरुण अब्राहम और माता शेरिन की प्रशंसा की जिन्होंने आलिन के अंगदान करने का फैसला लिया। श्री मोदी ने कहा कि यह एक फैसला उनकी दूरदृष्टि और महान व्यक्तित्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आजकल भारत में अंगदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है जिससे जरूरतमंदों को सहायता तो मिल ही रही है, देश में अनुसंधान को भी मजबूती मिल रही है।

श्री मोदी ने सभी को रमज़ान के पवित्र महीने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगामी होली के त्यौहार की भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लोग अपने परिवार और प्रियजनों के साथ सभी त्यौहारों को प्रसन्नता से मनाएंगे। श्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल के मंत्र को भी दोहराया।

*****************

एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में अपनाए गए नई दिल्ली घोषणापत्र को 89 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ है। यह आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एआई के उपयोग पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। घोषणा–पत्र का समर्थन करने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, ब्राजील, यूएई, कनाडा, इस्राइल, ब्रिटेन, चीन, जापान, अमरीका, रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर और बांग्लादेश शामिल हैं।

*****************

राज्य में कल होने वाले नगर निकाय चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गईं है। सभी जिलों से मतदानकर्मी संबंधित बूथों पर पहुंच चुके हैं। इसकों लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। रांची पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करते हुए चार हजार पुलिस बलों की तैनाती का निर्णय लिया है, जिसमें एक हजार अधिकारी और तीन हजार जवान शामिल हैं।

कल होने वाले मतदान के अवसर पर रांची नगर निगम और नगर पंचायत बुंडू क्षेत्र में सभी सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक प्रतिष्ठान, दुकान एवं संस्थान बंद रहेंगे।

पाकुड़ में 10 मतदान केंद्र को थीम आधारित बूथ बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने बताया कि चुनाव कराने को लेकर 450 जवानों की तैनाती की गई है।

*****************

खूंटी में मतदानकर्मियों और सुरक्षाबलों को रवाना किया गया। खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 19 वार्ड हैं जिसमें कुल 30 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

दुमका जिले के दुमका नगर परिषद एवं बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र में चुनाव पोलिंग पार्टियों को आज दुमका इंडोर स्टेडियम में बनाये गये डिस्पैच सेंटर से उनके निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जा रहा है।

जामताड़ा जिले के नगर पंचायत जामताड़ा एवं नगर परिषद में मिहिजाम के लिए डिस्पैच सेंटर से निर्धारित बुथों के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया।

गढ़वा जिला अंतर्गत तीनों निकाय क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। उपायुक्त दिनेश यादव ने बताया कि गढ़वा नगर परिषद में कुल 21 वार्डों के लिये 42 मतदान केन्द्र बनाये गए है।

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 26 फरवरी को प्रस्तावित जमशेदपुर आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से शहर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। राष्ट्रपति के संभावित मार्ग को ध्यान में रखते हुए आज प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने साकची स्टेट माइल से लेकर बारीडीह स्थित मणिपाल परिसर तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया।

*****************

टाटानगर से होकर चलने वाली कई यात्री ट्रेनों के परिचालन पर आगामी दिनों में असर पड़ेगा। रेलवे प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार 23 फरवरी से एक मार्च 2026 के बीच विभिन्न तिथियों में कई मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द, शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजिनेट तथा डायवर्ट किया गया है।

रेलवे ने बताया कि आसनसोल–आद्रा–आसनसोल मेमू पैसेंजर 24 और 25 फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं आद्रा– विलियामनगर–आद्रा मेमू 26 फरवरी और एक मार्च को रद्द रहेगी। आद्रा–मेदिनीपुर–आद्रा मेमू 23, 24, 26, 27 फरवरी और एक मार्च को रद्द रहेगी।

*****************

रेलवे सुरक्षा बल ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हटिया रेलवे स्टेशन से एक युवक को भारी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर समीर कर्माकर ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये आंकी गई है।

*****************

धनबाद में निरसा थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरोह निरसा और जामताड़ा थाना क्षेत्र से बाइक चोरी कर उन्हें बेचने का काम करता था।

*****************

राज्य के विभिन्न जिलों में अगले दो दिनों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार 24 फरवरी को राज्य के दक्षिणी–पश्चिमी और निकटवर्ती मध्यवर्ती जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 25 फरवरी को दक्षिण–पूर्वी और आसपास के मध्यवर्ती जिलों में बादल छाने के साथ हल्की वर्षा की संभावना है।

*****************

आईसीसी टी–20 विश्व कप में आज सुपर–8 चरण के तहत भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अब से कुछ देर बाद मुकाबला शुरू होने जा रहा है। दोनों टीमों के बीच यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। बता दें कि टीम इंडिया ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की है और आज के मुकाबले में भी जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

*******समाप्त*********